दिनांक 16.10.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम के स्वच्छता कर्मियों ने भी लिया मतदान करने का संकल्प

भिलाईनगर। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निगम भिलाई ने विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छ संकल्प लिए। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अभियान के दूसरे दिन निगम के स्वच्छता कार्य में जुड़े सफाई मित्रों ने शहरवासियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में बिना किसी जाति , धर्म, भाषा के भय , लोभ में आए बिना लोकतंत्र के पर्व में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नवरात्र में नौ संकल्प लिया जाना है जिसके अंतर्गत आज दूसरे दिन भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह 7 बजे से आगामी विधानसभा चुनाव में समाज के हर वर्ग को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। संजय नगर , बैकुंण्ठधाम, पाॅवरहाउस आईटीआई मैदान , सेक्टर 06 आत्मानंद स्कूल, हुडको मैदान सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में सफाई मित्रों के साथ सुबह सुबह सैर सपाटा में निकले हुए युवाओं , महिलाओं तथा बुजुर्ग भी शामिल हुए और आगामी चुनाव में लोतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने स्वंतत्र , निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीकें से निर्वाचन करने का संकल्प लिए। इस दौरान सफाई मित्रों ने अपने मतदाता परिचय पत्र को हाथो में लेकर हर एक वोट की भूमिका और महत्व को समझाते हुए मतदान में हिस्सा लेने का संकल्प लिए।